उत्तराखण्ड अन्तरिक्ष उपयोग केन्द्र

131, फेज–2, वसन्त विहार, देहरादून
फोन नं0– 0135–2762105, 2762098, फैक्स–2769851

विज्ञापन संख्या– 09/2018

वाक–इन–इन्टरव्यू

केन्द्र में संचालित एन.आर.एस.सी, इसरो प्रायोजित ग्राउण्ड वाटर क्वालिटी मैपिंग परियोजना के अन्तर्गत अनुबन्ध के आधार पर एक सीनियर प्रोजेक्ट फैलो (एस.पी.एफ) की आवश्यकता है। इस हेतु ऐसे अभ्यर्थी जो निम्नानुसार वर्णित योग्यता रखते हों वे अपने आवेदन पत्र, जो निदेशक उत्तराखण्ड अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, देहरादून को सम्बोधित हों, के साथ अपने मूल अभिलेखों, अन्य प्रमाण पत्रों एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ दिनांक 17 अक्टूबर, 2018 को पूर्वान्ह 10:30 बजे वाक–इन–इन्टरव्यू में सम्मिलित हो सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी वॉक–इन–इन्टरव्यू हेतु दिनांकः 17.10.2018 को 12:30 बजे तक अवश्य पहुॅच जायें। उसके बाद पहुॅचने वाले अभ्यर्थीयों को वॉक–इन–इन्टरव्यू में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जायेगीः–

क्र. सं.	पद/संख्या	योग्यता	नियत मानदेय
1–	जूनियर रिसर्च फैलो/जूनियर प्रोजेक्ट फैलो (01)	**अनिवार्य–**किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से रिमोट सेन्सिंग एण्ड जी.आई.एस. /जियोलॉजी/हाइड्रोलाजी में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंको सहित एम.एस.सी./एम.टेक. डिग्री तथा न्यूनतम 02 वर्ष का कार्य अनुभव। **अधिमानी–** आर.एस. और जी.आई.एस. में परास्नातक डिग्री/डिप्लोमा, आर.एस./जी.आई.एस. में सॉफ्टवेयर स्किल्स का पर्याप्त ज्ञान रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी।	एस.पी.एफ.– रू0 18000/– + 20 प्रतिशत की दर से मकान किराया भत्ता प्रतिमाह।

अन्य शर्ते–

1. आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी को अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटो संलग्न करना अनिवार्य है।

2. उक्त पूर्वतः अस्थायी पद परियोजना अवधि हेतु अनुबन्ध के आधार पर हैं। मूल नियुक्ति 06 माह की अवधि हेतु की जाएगी। परियोजना की आवश्यकता एवं मानवशक्ति के संतोषजनक कार्य के उपरान्त अनुबन्ध अवधि बढ़ाई जा सकती है। वर्णित परियोजना मानवशक्ति का मूल्यांकन निदेशक, यू–सैक द्वारा गठित समिति द्वारा किया जाएगा और कार्य संतोषजनक पाए जाने पर ही नियुक्ति अवधि केन्द्र निदेशक के अनुमोदन से बढ़ायी जाएगी। कार्य संतोषजनक न पाए जाने पर या परियोजना की आवश्यकताओं को देखते हुये केन्द्र को उनका अनुबन्ध कभी भी समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। परियोजना की निर्धारित अवधि के पूर्ण होने के उपरान्त उक्त पोजिशन स्वतः ही समाप्त हो जाएंगी।
3. साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु कोई टी.ए./डी.ए. देय नहीं होगा।
4. सीनियर प्रोजेक्ट फैलो की पोजिशन्स हेतु अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष है। अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु में 05 वर्ष की और अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु में 03 वर्ष की छूट उपलब्ध होगी।
5. चयनित अभ्यर्थी को परियोजना कार्यो हेतु फील्ड–विजिट/टूर पर आवश्यकतानुसार भेजा जाएगा। जिस हेतु उन्हें नियमानुसार यात्रा भत्ता देय होगा।
6. उक्त परियोजना के अन्तर्गत आबद्धित अभ्यर्थी को उत्तराखण्ड अन्तरिक्ष उपयोग केन्द्र में किसी पद पर संविलियन/नियमतीकरण की कोई सम्भावना नहीं है।
7. रिक्ति को न भरने का अधिकार केन्द्र के पास सुरक्षित हैं।
8. समस्त प्रकरणों पर निदेशक, यू–सैक का निर्णय अन्तिम एवं बाध्यकारी होगा।

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, यू–सैक

उत्तराखण्ड अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र

131, फेस–2, वसन्त विहार, देहरादून

वि.सं.–09/2018

वाक–इन–इन्टरव्यू

उत्तराखण्ड अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र में संचालित एन.आर.एस.सी, इसरो प्रायोजित ग्राउण्ड वाटर क्वालिटी मैपिंग परियोजना के अन्तर्गत अनुबन्ध के आधार रू0 18,000/– + 20 प्रतिशत की दर से मकान किराया भत्ता प्रतिमाह के नियत मानदेय पर एक एस.पी.एफ. की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र और मूल अभिलेखों, अन्य प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक 17.10.2018 को पूर्वान्ह 10:30 बजे वाक–इन–इन्टरव्यू में सम्मिलित हो सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी वॉक–इन–इन्टरव्यू हेतु दिनांक 17.10.2018 को 12:30 बजे तक अवश्य पहुँच जायें। उसके बाद पहुँचने वाले अभ्यर्थीयों को वॉक–इन–इन्टरव्यू में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

विस्तृत विवरण केन्द्र की वैबसाइट www.u-sac.in में उद्धृत है।

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी